भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1473

12 फरवरी, 2019 के लिए प्रश्न

खाद्यान्नों का आयात और निर्यात

1473. श्री गोपाल शेट्टी:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा निर्यात किए गए खाद्यान्नों की मात्रा और मूल्य कितना है और निर्यात किए गए देशों के नाम क्या हैं;

(ख) उक्त अवधि के दौरान आयात किए गए खाद्यान्नों की मात्रा और उनकी दर क्या है और उन देशों के नाम क्या हैं जिनसे यह आयात किए गए हैं;

(ग) निर्यात दरों से अधिक दरों पर आयात किए गए खाद्यान्न क्या हैं और सरकार को हुई हानि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस प्रकार के व्यापार घाटे के क्या कारण हैं?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्री सी. आर. चौधरी)

(क): पिछले छह वर्षों के दौरान केन्द्रीय पूल के स्टॉक से वाणिज्यिक आधार पर निर्यातित गेहूं और चावल की मात्रा तथा मूल्य का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

वर्ष	गेहूं की मात्रा (लाख टन में)	चावल की मात्रा (लाख टन में)	प्राप्त मूल्य (भारतीय करोड़ रुपए में)
2012-13	28.99	0	4,937.01
2013-14	25.71	0	4,489.87
2014-15	3.27	0	552.35
2015-16	0	0	0
2016-17	0	0.20	44.19
2017-18	0	0	0

जिन देशों को शिपमेंट भेजा गया है , उनकी सूची **अनुबंध** में दी गई है।

(ख): वर्ष 2012-13 से आज की तारीख की अवधि में केन्द्रीय पूल के स्टॉक के लिए गेहूं अथवा चावल का कोई आयात नहीं किया गया है।

(ग) और (घ): उपर्युक्त (ख) को देखते हुए प्रश्नक्नहीं उठता।

******

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 12.02.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 1473 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध

उन एजेंसियों की सूची, जिन्हें वर्ष 2012-13 से 2017-18 के दौरान गेहूं का शिपमेंट भेजा गया था

क्रम सं.	**एजेंसी**	**निर्यातित कुल मात्रा (टन में)**
1.	बांग्लादेश	13,36,934
2.	दक्षिण कोरिया	12,48,147
3.	ईथोपिया	8,53,932
4.	संयुक्त अरब अमीरात/ओमान	6,97,365
5.	यमन	4,73,566
6.	इन्डोनेशिया	4,32,568
7.	थाईलैंड	2,71,767
8.	सऊदी अरब	1,33,545
9.	वियतनाम	79,500
10.	फिलीपींस	73,650
11.	श्रीलंका	53,500
12.	सूडान	48,000
13.	कतर	44,000
14.	तंजानिया	27,000
15.	दक्षिण अफ्रीका	13,750
16.	मलेशिया	10,500
17.	मिस्र	19,980
	योग	**58,17,704**

*****